# कार्यालयः उत्तर प्रदेश होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड,

## 02 नवीउल्लाह रोड, निकट–सिटी रेलवे स्टेशन, लखनऊ।

संख्या–489/एच0एम0बी0/355/2013, लखनऊ : दिनांक 08 फरवरी, 2019

**–: विज्ञप्ति :–**

मान्नीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद खण्डपीठ, लखनऊ में योजित रिट याचिका संख्या–7252/2014 हरिश्चन्द्र रावत बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य, रिट याचिका संख्या–5832(एस0एस)/2014 गरिमा सिंह बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य तथा रिट याचिका संख्या–5569(एस0एस)/2014 समीर कुमार त्रिपाठी बनाम उ0प्र0 राज्य व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय द्वारा पारित किये जाने वाले अन्तिम निर्णय के अधीन रजिस्ट्रार उ0प्र0 होमियोपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ(अनारक्षित) वेतनमान रू0 9300–34800 ग्रेड वेतन–रू0 4200/–के पद पर अस्थायी रूप से नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमन्त्रित किये जाते है।

रजिस्ट्रार के उक्त पद पर नियुक्ति हेतु शैक्षिक अर्हता, अनुभव एवं अन्य शर्तें निम्नवत् हैः–

1– वह भारत का नागरिक हो।

2– 01 जनवरी, 2020 को अभ्यर्थी की आयु 30 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो।

3– उत्तर प्रदेश में विधि द्वारा स्थापित किसी विश्वविद्यालय अथवा उत्तर प्रदेश के राज्यपाल द्वारा इस प्रयोजन के लिए मान्यता प्राप्त किसी अन्य विश्वविद्यालय से स्नातक हो तथा पूर्णतया हिन्दी पढ़ सकता हो एवं देवनागरी लिपि में लिख सकता हों।

4– केन्द्र सरकार अथवा किसी राज्य सरकार के नियत्रणाधीन किसी कार्यालय में प्रशासनिक कार्य करने का पर्याप्त अनुभव (न्यूनतम् 05 वर्ष) हो।

5– उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक अधिनियम–1951 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या–8, 1952) की सूची में उल्लिखित अर्हताएं रखने वाले अभ्यर्थी को अधिमानता प्रदान की जायेगी,जिसका अवलोकन www.hmbup.In पर किया जा सकता है।

6– अभ्यर्थी द्वारा अपने आवेदन–पत्र के साथ एक घोषणा–पत्र प्रस्तुत किया जायेगा, कि बोर्ड के अध्यक्ष अथवा किसी सदस्य से उसका कोई सम्बन्ध नही है और यदि सम्बन्ध है, तो उससे घोषणा–पत्र में अवगत कराया जायेगा। इसके अतिरिक्त अभ्यर्थी द्वारा ऋण का व्योरा दिया जायेगा, यदि उस पर कोई ऋण हो तथा चल एवं अचल सम्पत्ति का व्यौरा भी संलग्न किया जायेगा।

7– अभ्यर्थी द्वारा विश्वविद्यालय, जिसमें वह अन्तिम बार पढ़ा हो, प्रधान/शैक्षिक अधिकारी से और दो ऐसे उत्तरदायी व्यक्तियों से (जो सम्बन्धी न हो) सच्चरित्रता का प्रमाण–पत्र प्रस्तुत किया जायेगा, जो अभ्यर्थी के वैयक्तिक जीवन से भली–भाँति परिचित हों।

8– अभ्यर्थी मानसिक एवं शारीरिक रूप से स्वस्थ हो। (मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण–पत्र आवेदन–पत्र के साथ संलग्न किया जाय।)

9– उक्त पद पर नियुक्ति हेतु इच्छुक अभ्यर्थी रू0 1000/– के बैक ड्राफ्ट, जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक का हो, उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, के साथ निर्धारत संलग्न प्रारूप पर स्पीड पोस्ट/पंजीकृत डाक के माध्यम से अपना आवेदन–पत्र उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, 02 नवीउल्लाह रोड, निकट सिटी रेलवे स्टेशन, लखनऊ को प्रेषित कर सकते है। अन्य किसी माध्यम से आवेदन–पत्र स्वीकार नही किये जायेंगे। उक्त आवेदन–पत्र दिनॉक 28.02.2019 की सायं 6.00 बजे तक बोर्ड कार्यालय में अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए, उसके पश्चात् प्राप्त आवेदन–पत्रों पर कोई विचार नही किया जायेगा। रजिस्ट्रार के पद पर चयन, लिखित एवं यथावश्यकता साक्षात्कार परीक्षा में प्राप्त अंकों की बनायी गयी श्रेष्ठता सूची के आधार पर की जायेगी।

10– रजिस्ट्रार के पद पर उक्त नियुक्ति अस्थाई एवं 02 वर्ष की परिवीक्षा अवधि पर की जायेगी।

11– अभ्यर्थी द्वारा संलग्न कर किये गये शैक्षिक एवं अनुभव आदि से सम्बन्धित अभिलेख यदि कूटरचित पाये जाते है, तो उनके विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी तथा यदि वह कूटरचित अभिलेखों के आधार पर नियुक्ति प्राप्त कर कार्यभार ग्रहण कर लेते है, तो उनकी नियुक्ति निरस्त करते हुए वेतन भत्तों के रूप में प्राप्त की गयी धनराशि की वसूली करने के साथ ही नियमानुसार उनके विरूद्ध अन्य आवश्यक कार्यवाही की सुनिश्चित की जायेगी। आवेदन–पत्र के संलग्न समस्त अभिलेख प्रमाणित होना चाहिए।

12– अभ्यर्थी के अपूर्ण, अपठनीय एवं बिना शुल्क के आवेदन–पत्र पर विचार नही किया जायेगा।

13– अभ्यर्थी को लिखित/साक्षात्कार परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु किसी प्रकार का किराया/भत्ता देय नही होगा।

14– बोर्ड द्वारा रजिस्ट्रार के पद पर अभ्यर्थी का चयन किये जाने के पश्चात्, उक्त अभ्यर्थी की नियुक्ति हेतु शासन द्वारा स्वीकृति प्रदान किये जाने के उपरान्त ही चयनित अभ्यर्थी की नियुक्ति की जायेगी ।

15– बोर्ड को यह अधिकार होगा कि बिना कारण बतायें उक्त चयन प्रकियां को निरस्त कर सकता है।

16– लिखित परीक्षा का पाठ्यक्रम सामान्य ज्ञान, सामान्य विज्ञान, सामान्य कला, भाषा, भूगोल, सामान्य वाणिज्य, सामान्य प्रशासन, सामान्य विधिक ज्ञान सह स्नातक स्तर का है।

( डा0 अनिल कुमार मिश्र)
सचिव/रजिस्ट्रार

## रजिस्ट्रार, उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड, 02 नवीउल्लाह रोड, लखनऊ के अनारक्षित पद हेतु आवेदन–पत्र का प्रारूप

विज्ञापन संख्या :................................................................ दिनांक..............................

राजपत्रित अधिकारी द्वारा प्रमाणित पासपोर्ट साइज नवीनतम फोटोग्राफ

1. पद का नाम :..........................................................
2. अभ्यर्थी का नाम (हिन्दी में)..........................................................
   (अंग्रेजी में)..........................................................
3. पिता/पति का नाम :..........................................................
4. स्थायी निवास का पता :..........................................................
5. पत्र व्यवहार का पता :..........................................................
6. वैवाहिक स्थिति.......................... 10. दूरभाष/मोबाइल नम्बर/ई–मेल आई0डी0 (i).......................... (ii).......................... (iii)..........................
7. जन्मतिथि : (क) (अंको में) :..........................(ख) (शब्दों में) :.......................... वर्ष.............. माह.............. दिन..............
8. 01 जनवरी, 2019 को आयु :..........................
9. शैक्षिक योग्यता का विवरण: (प्रमाणित प्रतियों सहित) :–

| क्र.सं | परीक्षा का नाम बोर्ड/विश्वविद्यालय | वर्ष | प्राप्तांक | पूर्णांक | उत्तीर्ण श्रेणी | प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | | |
| 2 | | | | | | |
| 3 | | | | | | |
| 4 | | | | | | |
| 5 | | | | | | |

10. अधिमानी अर्हता/अनुभव :–

| क्र.सं | पदनाम | संस्था का नाम | कब से | कब तक | कुल अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | | | | |
| 2 | | | | | |
| 3 | | | | | |
| 4 | | | | | |

11. विशेष योग्यता, यदि कोई हो:..........................................................

**घोषणा–पत्र**

मैं एतद्द्वारा यह घोषणा करता/करती हूँ कि–

1. मैंने विज्ञप्ति में दी गई पात्रता की शर्ते सावधानीपूर्वक पढ़ लिया है, वे मुझे मान्य है, और वे शर्ते मैं पूरा करता/करती हूँ।
~~2.~~
2. बोर्ड द्वारा दिये गये सभी आदेश/ निर्देश मेरे लिये बाध्यकारी होगें।
3. इसके अतिरिक्त मेरे द्वारा आवेदन पत्र में दिये गये समस्त विवरण/सूचनाएँ सत्य एवं सही हैं और इस विवरण में मेरे द्वारा कोई भी तथ्य नहीं छुपाया गया है यदि कोई विवरण असत्य पाया जाय/छिपाया जाना पाया जाये तो मेरा अभ्यर्थन निरस्त कर दिया जायें। यदि नियुक्ति हो जाने के उपरान्त ऐसी स्थिति प्रकाश में आये तो मेरी सेवायें समाप्त कर दी जायें।
4. शैक्षिक योग्यता/आयु/अनुभव प्रमाण–पत्र संबंधी प्रमाण–पत्रों की केवल प्रमाणित प्रतिलिपियाँ संलग्न हैं।

अभ्यर्थी के पूर्णहस्ताक्षर

पता..........................................................

..........................................................